आस्था | तुलसी की 108 परिक्रमा की, सोमवती अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

# पति की दीर्घायु एवं परिवार के लिए सुहागिनों ने मांगा आशीर्वाद





**नवभारत,मंडला।** जिले सहित ग्रामीण अंचलों में सोमवार को सोमवती अमावस्या का पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष और पवित्र दिन पर सुहागिन महिलाओं ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और पति की लंबी उम्र के लिए उपवास रखा और पवित्र देव स्थानों पर जाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

सोमवती अमावस्या के अवसर पर सुबह से ही माँ नर्मदा के माहिष्मती घाट, संगम घाट, गऊ घाट, समेत सभी नर्मदा तटों और धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सोमवार सुबह से ही महिलाओं में पूजा-पाठ को लेकर खासा उत्साह नजर आया। अलग-अलग समूहों में एकत्रित होकर महिलाओं ने पूरी श्रद्धा और भाव के साथ आराधना की।

इस पावन दिन पर महिलाओं ने व्रत रखकर विशेष अनुष्ठान किए। पूजन के दौरान महिलाओं ने धूप, दीप, रोली, अक्षत और नैवेद्य अर्पित कर प्रभु का आशीर्वाद लिया। बताया गया कि सोमवती अमावस्या के निमित्त महिलाओं ने सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ आंवला, तुलसी और अन्य पवित्र वृक्षों की 18 बार परिक्रमा की और रक्षा सूत्र बांधा।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सोमवती अमावस्या के दिन मौन रहकर और विधि-विधान से पूजा और परिक्रमा करने से जीवन में आने वाली सभी अदृश्य बाधाएं दूर होती हैं। ऐसा करने से परिवार में सुख-शांति का वास होता है, धन-धान्य की प्राप्ति होती है और पितरों का आशीर्वाद भी मिलता है। यही कारण है कि सुबह से ही नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के पूजा स्थलों पर महिला उपासकों का तांता लगा रहा।

### सिद्धेश्वर धाम में हुआ महाअनुष्ठान





**मंडला।** जिले के सुरंगदेवरी स्थित सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र श्री सिद्धेश्वर धाम में सोमवती अमावस्या पर भव्य हवन-पूजन और विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस दुर्लभ संयोग पर आयोजित महाअनुष्ठान में मंडला जिले सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और पुण्य लाभ कमाया। सिद्धेश्वर धाम के साईं भक्त पंडित ललित नारायण मिश्रा के सानिध्य में सुबह तड़के 5 बजे से ही धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हो गया। इस दौरान मुख्य यजमानों सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालीं। धाम के शिष्यों ने बताया कि श्री सिद्धेश्वर धाम में समय-समय पर ऐसे जन-कल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते हैं। सुबह 5 बजे सिद्धेश्वर धाम के समीप विराजित संकटमोचन श्री हनुमान महाराज के दरबार में शुरू हुए इस अनुष्ठान का समापन भव्य महाआरती के साथ हुआ। कार्यक्रम के सफल समापन के बाद सभी भक्तों को विशेष महाप्रसाद वितरित किया गया।

# दो दशक पूर्व से दिया जाये आउट ऑफ टर्न प्रमोशन का लाभ

**नवभारत,जबलपुर।** हाईकोर्ट जस्टिस विवेक कुमार सिंह ने अपने अहम आदेश में कहा है कि यह स्थापित कानूनी सिद्धांत है कि प्रशासनिक फैसलों, विशेषकर जिसमें स्क्रीनिंग समिति की समझ या संतुष्टि शामिल हो उसकी न्यायिक समीक्षा की शक्ति सीमित होती है। न्यायालय प्रशासनिक संस्था के ऊपर अपीलीय अथॉरिटी के तौर पर बैठकर अपने विचार नहीं थोप सकती है। इस सीमित दायरे का मतलब यह नहीं है कि प्रशासनिक कार्रवाई न्यायिक जांच से पूरी तरह बरी है। यह बात बहुत अतार्किक और मनमानी लगती है कि प्रशासन असाधारण योग्यता के लिए टाइपिंग प्रतियोगिता जीतने को पैमाना बनाता है, फिर भी एक बड़ी आपदा को रोकने के लिए 2 फुट गहरी खाई में लटकने जैसे काम को सिर्फ रूटीन ड्यूटी कहकर खारिज कर देता है। एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को 2 साल पूर्व से आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने के आदेश जारी किये है।

याचिकाकर्ता इंद्रमणि पटेल की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि इंदौर जिले के सिमरोल पुलिस स्टेशन में 22 अप्रैल 24 को सब-इंस्पेक्टर एवं स्टेशन हाउस ऑफिसर के पद पर तैनात था। रात लगभग सवा 11 बजे इंदौर से लगभग 25 किलोमीटर दूर भारूघाट में ईंटों से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर एक गहरी घाटी में गिर गया। ट्रक एक पेड़ के कारण रुक गया। ट्रक 2 फुट गहरी खाई के ऊपर लटक गया। सूचना मिलने पर याचिकाकर्ता तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और ट्रक के ड्राइवर और हेल्पर को बचाने के लिए समन्वय करने का प्रयास किया। जो बहुत खतरनाक स्थिति में थे और मदद के लिए पुकार रहे थे। जब पेशेवर क्रेन ऑपरेटरों ने खाई में नीचे उतरने से इनकार कर दिया, तो याचिकाकर्ता ने अपनी जान जोखिम में डालकर रस्सी की मदद से नीचे उतरने का फैसला किया। याचिकाकर्ता ने सफलतापूर्वक दोनों व्यक्तियों को बचाया और भारी ट्रक को मोटी रस्सियों से एक पेड़ से बांधकर सुरक्षित किया। ट्रक को और नीचे गिरने से रोककर, याचिकाकर्ता ने नीचे सड़क पर यात्रा करने वाले लोगों को संभावित नुकसान से भी बचाया।

याचिकाकर्ता को असाधारण बहादुरी के कारण स्थानीय सरपंच द्वारा सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस पर इंदौर के कलेक्टर से एक शील्ड और प्रशंसा प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। असाधारण बहादुरी दिखाने के लिए याचिकाकर्ता को मध्य प्रदेश पुलिस रेगुलेशन के रेगुलेशन 7-। के तहत आउट-ऑफ-टर्न प्रमोशन के लिए लगातार आधिकारिक सिफारिशें मिलीं। इंदौर के पुलिस अधीक्षक ने 1 फरवरी 25 को औपचारिक रूप से पुलिस उप महानिरीक्षक को मामले की सिफारिश की।

इसके बाद पुलिस उप महानिरीक्षक ने यह सिफारिश पुलिस महानिरीक्षक को भेज थी। पुलिस महानिरीक्षक ने आधिकारिक तौर पर याचिकाकर्ता के मामले को डीआईजी (सिलेक्शन) के पास भेज दिया। वरिष्ठ अधिकारियों की इन स्पष्ट सिफारिशों के बावजूद, स्क्रीनिंग कमेटी ने 31 मार्च 25 को बिना सोचे- समझे प्रस्ताव की सिफारिश को खारिज कर दिया। इसके बजाय याचिकाकर्ता को 5, रुपये का नकद इनाम देने का फैसला किया। इस आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी।

# आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ज्ञापन

▶ विद्युत कर्मी से मारपीट





**नवभारत, जबलपुर।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी के साथ उपभोक्ता द्वारा की गई मारपीट की घटना से लाइन स्टाफ में भारी नाराजगी है। इस मामले को लेकर मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव की अगुवाई में सोमवार को जबलपुर रीजन के मुख्य अभियंता के नाम एक शिकायती पत्र अधीक्षण अभियंता को दिया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने मैदानी क्षेत्रों में काम करने वाले सभी लाइन स्टाफ की सुरक्षा पुख्ता करने तथा आउटसोर्स कर्मी अनमोल तिवारी पर हमला करने वाले दोषी उपभोक्ताओं को तुरंत सलाखों के पीछे भेजने की मांग उठाई। हरेंद्र श्रीवास्तव ने चिंता जताते हुए कहा कि वारदात को 1 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने अब तक हमलावरों को गिरफ्तार नहीं किया है, जिससे कर्मियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। इस दौरान अपनी मांग को मजबूती से रखने के लिए संघ की ओर से मोहन दुबे, विनोद दास, राजेश शरण, जानकी प्रसाद त्रिपाठी और मोतीलाल बुनकर समेत कई लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बिजली गुल : गारमेंट क्लस्टर में अंधेरा, सौरभ शर्मा की चेतावनी



**नवभारत, जबलपुर।** बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण गोहलपुर स्थित गारमेंट एंड फैशन डिजाइन क्लस्टर मार्केट पिछले 8 दिनों से अंधेरे में डूबा हुआ है, जिससे हजारों व्यापारियों एवं कर्मचारियों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने आज क्लस्टर मार्केट में पहुंचकर प्रभावितों की समस्याओं को सुना। बिजली आपूर्ति बाधित होने से बाजार में संचालित सैकड़ों गारमेंट इकाइयों का कामकाज पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। शर्मा ने बताया कि गारमेंट क्लस्टर जबलपुर के व्यापार और रोजगार का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां लगातार बिजली नहीं होने के कारण उत्पादन कार्य, मशीनों का संचालन, सिलाई-कटिंग और पैकिंग जैसी व्यावसायिक गतिविधियां बंद हैं। इससे व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं कर्मचारियों के सामने अपने परिवार का भरण-पोषण करने का संकट खड़ा हो गया है।

### बिजली बहाली का आश्वासन

शर्मा ने बताया कि व्यापारियों द्वारा बार-बार अवगत कराने के बावजूद बिजली विभाग की उदासीनता व लापरवाही से समस्या का ठोस समाधान नहीं निकल पाया। तब कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति जांची और तत्काल विजयनगर संभाग के बिजली अधिकारियों को बुलाकर गंभीर चर्चा की। उन्हें व्यापारियों की परेशानियों से रूबरू कराकर तुरंत समाधान मांगा गया, जिस पर अधिकारियों ने आगामी 24 घंटे के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल करने का भरोसा दिलाया। कांग्रेस पार्टी अब इस मिले आश्वासन पर पूरी नजर बनाए हुए है ताकि पीड़ित व्यापारियों व कर्मचारियों को जल्द से जल्द राहत मिलना सुनिश्चित हो सके।

### घेराव की चेतावनी

शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार व बिजली विभाग की लापरवाही का हर्जाना जनता, व्यापारी व श्रमिक भुगत रहे हैं। बुनियादी सुविधा बिना हजारों परिवारों की रोजी-रोटी छिनना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि 24 घंटे में बिजली नहीं आई, तो शहर जिला कांग्रेस कमेटी व्यापारियों, कर्मचारियों व स्थानीय नागरिकों संग चरणबद्ध आंदोलन, सड़क पर प्रदर्शन और बिजली दफ्तर का घेराव करेगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन व विभाग की होगी। इस दौरान प्रमोद पटेल, अनुज श्रीवास्तव, रितेश गुप्ता, रितेश नॉनटनी, विवेक यादव आदि मौजूद रहे।

# बीज भंडार दुकानों का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं

▶ जांच दल ने सभी जानकारी अद्यतन करने के मौका स्थल पर दिए निर्देश



**शहपुरा, नवभारत।** किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं कृषि सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डिंडोरी जिले के शहपुरा स्थित आशीष बीज भंडार का निरीक्षण वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी गुमान सिंह चौहान एवं साक्षी बिरला द्वारा किया गया। तथा मौका स्थल पर ही बीजों की गुणवत्ता के साथ सभी रिकार्ड अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बीज भंडार में उपलब्ध विभिन्न फसलों के बीजों, स्टॉक रजिस्टर, विक्रय अभिलेखों तथा लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की जांच की। साथ ही किसानों को निर्धारित दरों पर गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।


अधिकारियों ने बीज भंडार संचालक को शासन के नियमों का पालन करने, बीजों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा सभी आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान बीजों के भंडारण, पैकेजिंग एवं उपलब्धता की भी जानकारी ली गई। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खरीफ सीजन को देखते हुए जिलेभर में बीज एवं उर्वरक विक्रेताओं का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें समय पर गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध हो सके।

## सूने मकान से लाखों के जेवरात व नकदी पार

**नवभारत, शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात एवं नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना वार्ड क्रमांक 13 की है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 13 निवासी रवि कुशवाहा शनिवार सुबह अपने परिवार के साथ अमरकंटक दर्शन के लिए गए थे। परिवार सुबह करीब 7 बजे घर में ताला लगाकर रवाना हुआ था। रात लगभग 1 बजे जब वे वापस लौटे तो घर में चोरी होने का पता चला। पीड़ित रवि कुशवाहा ने बताया कि मकान के सामने वाले दरवाजे का ताला सुरक्षित लगा हुआ था, जबकि पीछे का दरवाजा खुला मिला।

# आंधी-तूफान से विद्यालय का टीनशेड क्षतिग्रस्त

▶ बरसात से पहले मरम्मत की मांग, छात्र-छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा पर मंडरा रहा संकट




**शहपुरा, नवभारत।** विकासखंड शहपुरा अंतर्गत ग्राम टिकरिया स्थित एकीकृत माध्यमिक विद्यालय टिकरिया में हाल ही में आए तेज आंधी-तूफान के कारण विद्यालय परिसर में बने बाथरूम का टीनशेड उड़कर क्षतिग्रस्त हो गया। बाथरूम की छत क्षतिग्रस्त होने से विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। तेज हवाओं और तूफान के चलते बाथरूम के ऊपर लगाया गया टीनशेड पूरी तरह उखड़ गया, जिससे भवन खुला रह गया है। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए यह स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। बारिश के दौरान बाथरूम का उपयोग करना कठिन होगा तथा स्वच्छता और सुरक्षा संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने शिक्षा विभाग और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल क्षतिग्रस्त टीनशेड की मरम्मत अथवा नए टीनशेड की व्यवस्था कराई जाए, ताकि छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

विद्यालय में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। ऐसे में मूलभूत सुविधाओं का सुचारू रूप से उपलब्ध रहना आवश्यक है। बरसात का मौसम शुरू होने से पहले यदि आवश्यक मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो विद्यार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

मांग | शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार सभी हो रहे बुरी तरह प्रभावित

# भदार नदी पर पुल नहीं बनने से विकास पर लगा ब्रेक



**चिल्हारी, उमरिया।** मानपुर विकासखंड के ग्राम बचहा, सलैया, पड़वार, सुखदास, कसेरू, बकेली सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने भदार नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर शासन-प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से मांग किए जाने के बावजूद आज तक पुल निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो सका, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास प्रभावित हो रहा है।

### छात्र-छात्राओं की शिक्षा पर पड़ रहा बुरा असर

ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र के अनेक छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बरही एवं अन्य नगरों में जाना पड़ता है। पुल नहीं होने के कारण उन्हें लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। बरसात के समय आवागमन और अधिक कठिन हो जाता है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है और कई बार स्कूल-कॉलेज तक पहुंचना भी चुनौती बन जाता है।

### स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचना मुश्किल

ग्रामीणों का कहना है कि गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में काफी समय लग जाता है। यदि भदार नदी पर पुल बन जाए तो बरही और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचना आसान होगा तथा आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को राहत मिलेगी।

### व्यापार सहित रोजगार पर भी असर

किसानों और व्यापारियों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। इससे परिवहन खर्च बढ़ता है और समय की बर्बादी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल बनने से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे। क्षेत्रीय जनों का आरोप है कि पुल के अभाव में कई गांव विकास की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। सड़क संपर्क बेहतर नहीं होने से सरकारी योजनाओं का लाभ भी अपेक्षित रूप से नहीं मिल पाता। पुल निर्माण होने से क्षेत्र में निवेश, व्यापार और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार संभव हो सकेगा।

### बरसात में बढ़ जाती है ज्यादा परेशानी

बरसात के दिनों में भदार नदी का जलस्तर बढ़ने से आवागमन गंभीर रूप से प्रभावित हो जाता है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है या फिर लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ता है। इससे विद्यार्थियों, किसानों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### कई बार उठी मांग, नहीं मिला समाधान

ग्रामीणों ने बताया कि जनप्रतिनिधियों नवभारत समाचार पत्र में कई बार उपरोक्त समाचार का प्रकाशन किया गया और प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार ज्ञापन देकर पुल निर्माण की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। इससे लोगों में निराशा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से भदार नदी पर शीघ्र पुल निर्माण की स्वीकृति देकर कार्य प्रारंभ कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यह पुल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक प्रगति का आधार बनेगा।

## जाग्रति श्रीवास्तव ने संभाला प्राचार्य का प्रभार

**मंडला।** जनजातीय कार्य विभाग में लंबे शैक्षणिक अनुभव और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली वरिष्ठ शिक्षाविद श्रीमती जाग्रति श्रीवास्तव को माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर, चटुआमार मंडला में प्राचार्य प्रथम श्रेणी के पद पर पदस्थ किया गया है। आदेश के परिपालन में उन्होंने 15 जून को संस्था में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद नवागत प्राचार्य श्रीमती जाग्रति श्रीवास्तव ने विद्यालय परिसर में स्थित माँ सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजन-अर्चन किया।


**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु ई-निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/13/2026)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाईट https://ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 30261003 | लोअर स्प्रिंग सीट फॉर एक्सल बॉक्स गाइड अरेंजमेंट | 5734 नंबर्स | 06/07/2026 |
| 2 | 40262022 | लो मेंटनेंस लीड एसिड बैटरी सेट 8 वोल्ट | 22 सेट्स | 08/07/2026 |
| 3 | 40262660 | इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफिएर कम रेगुलेटर | 68 नंबर्स | 13/07/2026 |
| 4 | 40262202 | वाल्व रेगुलेटेड लीड एसिड सिंगल सेल ऑफ 1100 AH | 42सेट्स | 23/07/2026 |
| 5 | 50264007A | रेड एस्पेक्ट मैन LED सिगनल 110V AC रेट्रोफिटेबल | 134नंबर्स | 06/08/2026 |
| | | ग्रीन एस्पेक्ट मैन LED सिगनल, 110 वोल्ट AC रेट्रोफिटेबल | 864नंबर्स | |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। हस्ता.

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

//चतुर्थ निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Tender ID-2026_UAD_516038_1 | संभाग क्र. 01 गढ़ा सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड अंतर्गत रामपुर छापर में अशोक बौद्ध विहार भवन निर्माण कार्य। | 4.23 लाख | 2000/- | 23/06/2026 |
| | PRO-306 Date- 15/06/2026 | | दो माह | 4230/- | |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर